जनपद न्यायालय, वाराणसी।

नीलामी आदेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, वाराणसी के राजकीय वाहन यू0पी0 65 ए.जी.1075 महिन्द्रा बोलेरो तथा यू0पी0 65 ए.जी.0666 महिन्द्रा बोलेरो के पुराने कुल 08 टायरों की नीलामी के लिए आमंत्रित मुहर बंद निविदायें (दर से सम्बन्धित) दिनांक 16.03.2026 को समय 02:00 बजे से सांय 4:00 बजे के बीच दीवानी न्यायालय, वाराणसी के मनोरंजन कक्ष में माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा खोली जायेंगी।

नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति नियमो एवं शर्तो की जानकारी माननीय उच्च न्यायालय के वेबसाइट व जनपद न्यायालय, वाराणसी के वेबसाइट तथा दीवानी न्यायालय, वाराणसी के नोटिस बोर्ड अथवा नजारत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

इच्छुक आवेदकों द्वारा सभी प्रकार से भरे हुए मुहर बंद निविदायें (दर से सम्बन्धित) दिनांक 16.03.2026 तक नजारत कार्यालय में अपरांह 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिये जाये। इसके पश्चात कोई आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

आवेदकों द्वारा दिये गये किसी भी दर को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय को होगा।

इस सूचना को न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर तथा जिलाधिकारी वाराणसी व आयुक्त वाराणसी के भी नोटिस बोर्ड पर नीलामी की सूचना चस्पा करायी जाये तथा इसकी सूचना न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर भी अपलोड की जाये।

(देवकान्त शुक्ला)
अध्यक्ष, नीलामी समिति
अपर जनपद न्यायाधीश, कक्ष सं0–01
जनपद न्यायालय, वाराणसी

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
2. प्रति कम्प्यूटर अनुभाग को न्यायालय के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रति आयुक्त, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।
4. प्रति जिलाधिकारी, वाराणसी के नोटिस बोर्ड पर लगाये जाने हेतु।